# कार्यालय कलेक्टर (जनगणना) जिला सीहोर

क्रमांक 200/ज.ग./2026 सीहोर दिनांक 20/05/2026

## // ई – निविदा विज्ञापन //

कार्यालय कलेक्टर (जनगणना) जिला सीहोर द्वारा जिला कार्यालय एवं चार्ज अधिकारी कार्यालयों पर जनगणना से सम्बंधित कार्य संपादन कराये जाने हेतु आई टी इंफ्रास्ट्रक्चर हेतु उपकरणों को क्रय किये जाने के लिए खुली निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा पत्र, आरएफपी दस्तावेज एवं विस्तृत जानकारी शासन के एम.पी. टेंडर्स पोर्टल की वेबसाइट https://mptenders.gov.in पर उपलब्ध है। निविदाओं के संबंध में जानकारी निम्नानुसार है:

**कार्यवाही तिथियाँ**

1. निविदाओं का प्रकाशन एवं डाउनलोड करना — 22/05/2025 दोपहर 12:00 बजे
2. निविदा ऑनलाइन जमा करने की प्रारंभिक दिनांक — 10/06/2026 दोपहर 01:00 बजे
3. निविदा ऑनलाइन जमा करने की अंतिम दिनांक — 13/06/2026 दोपहर 01:00 बजे तक
4. ऑनलाइन तकनीकी निविदा का खोला जाना — 15/06/2025 दोपहर 02:00 बजे
5. शेष तिथियाँ निविदा पोर्टल अनुसार मानी रहेगी ।

उपरोक्त निविदा एवं विज्ञप्ति प्रकाशन के संबंध में समय-समय पर जारी किये जाने वाले संशोधनों/शुद्धिपत्रों का प्रकाशन केवल एम.पी. टेंडर्स पोर्टल पर ही होगा एवं निविदा दस्तावेज अनुसार किसी भी प्रकार के दावा/आपति/सुझाव के संबंध में केवल कलेक्टर जिला सीहोर का निर्णय अंतिम एवं मान्य होगा।

**(कलेक्टर महोदय द्वारा अनुमोदित)**

**संयुक्त कलेक्टर**
**जिला सीहोर**

# कार्यालय कलेक्टर (जनगणना) जिला सीहोर

**आवश्यक उपकरणों हेतु न्यूनतम विनिर्देश एवं नियम व् शर्ते**

## निविदा आमंत्रण प्राधिकारी

## कार्यालय कलेक्टर (जनगणना)

## जिला सीहोर

| |
|---|
| **RFP Reference No: .199.... /Census2027** |
| **Date of Issue: 20.../ 05 / 2026** |
| **Address: Office of the Collector (Census) District Sehore, Madhya Pradesh** |

15/05/26

15/05/26

# कार्यालय कलेक्टर (जनगणना) जिला सीहोर

## आवश्यक उपकरणों हेतु न्यूनतम विनिर्देश एवं नियम व् शर्ते

## TERMS & CONDITIONS

BUYER ADDED BID SPECIFIC ADDITIONAL POINTS

1. सभी निविदाकारो को पोर्टल पर निविदा जारी होने की दिनांक से निविदा प्रस्तुत करने हेतु न्यूमतम कुल 21 दिन का समय निश्चित किया गया है |

2. निविदाकार का विगत 03 वर्षो का औसत वार्षिक टर्नओवर न्यूनतम 36 लाख से अधिक होना चाहिए | CA द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 में जारी UDIN युक्त प्रमाण पत्र संलग्न करे |
3. सभी निविदाकारो को अपनी बोली के साथ राशि रूपये 12500 की धरोहर राशि (EMD) प्रस्तुत करना अनिवार्य है |
4. धरोहर राशि में छूट के इक्छुक मध्य प्रदेश राज्य के निविदाकार को सम्बंधित केटेगरी के लिए बोली के साथ वैध दस्तावेज़ प्रस्तुत करने होंगे | MSME अंतर्गत केवल वस्तुओ के लिए विनिर्माता तथा सेवाओ के लिए सेवा प्रदाता धरोहर राशि में छूट के पात्र होंगे | व्यापारियों को इस नीति के दायरे से बाहर रखा गया है |
5. EMD और धरोहर राशि पोर्टल पर उपलब्ध जानकारी अनुसार कलेक्टर जिला सीहोर के पक्ष में होना चाहिए |
6. निविदाकार को 100 रुपए के स्टाम्प पेपर पर शपथ पत्र अनिवार्यतः प्रस्तुत करना है जिसमें यह कहा गया हो कि बोलीदाता किसी भी राज्य सरकार/केन्द्र सरकार द्वारा परिसमापन या काली सूची में नहीं डाला गया है। (विधिवत हस्ताक्षरित स्टाम्प और नोटरीकृत)।
7. बोलीदाता अपने संस्थान के लेटर हेड पर यह वचन प्रस्तुत करेगा कि बोली में अपलोड किए गए सभी दस्तावेज वास्तविक हैं और बोलीदाता प्रदान की गई किसी भी गलत जानकारी के लिए पूरी तरह जिम्मेदार है |
8. बोली विशिष्ट निर्माता प्राधिकरणः जहां भी अधिकृत वितरक / डीलर बोली प्रस्तुत कर रहे हैं उन्हें निर्माता प्राधिकरण फॉर्म (एमएएफ) / प्रमाण पत्र जिसमें ओईएम विवरण जैसे नाम, पदनाम, पता, ई-मेल आईडी और फोन नंबर शामिल हैं, निविदा के साथ प्रस्तुत किया जाना आवश्यक है।
9. बोलीदाता का मध्य प्रदेश में एक कार्यालय होना चाहिए। उक्त सम्बन्ध में निम्नलिखित में से किसी एक दस्तावेजों की प्रति बोलीदाता अपलोड करें: संपत्ति कर बिल/बिजली बिल/टेलीफोन बिल/वैट/जीएसटी पंजीकरण/लीज एग्रीमेंट।

15/05/26 15/05/26



AnyScanner

10. निविदाकार का निविदा पोर्टल के माध्यम से डिलीवरी का विगत प्रदर्शन न्यूनतम 50 प्रतिशत से अधिक होना चाहिए | बोलीदाता या उसके OEM (स्वयं या पुनर्विक्रेताओं के माध्यम से) को बोली खुलने की तिथि से पहले के पिछले तीन वित्तीय वर्षों में से कम से कम किसी एक में बोली मात्रा के 50 % के लिए समान या समान श्रेणी के उत्पादों की आपूर्ति किसी भी केंद्रीय/राज्य सरकार के संगठन/पीएसयू को किये जाने के सम्बन्ध में प्रासंगिक अनुबंधों की प्रतियां (किसी एक वित्तीय वर्ष में संचयी आदेश मात्रा की आपूर्ति साबित करना) बोली के साथ प्रस्तुत की जानी चाहिए।

11. यदि कोई बोलीदाता बोली प्रक्रिया में बाधा डालने या देरी करने के इरादे से दुर्भावनापूर्ण या निराधार शिकायतों/आरोपों का सहारा लेता है या बोली प्रक्रिया को प्रभावित करने/धांधली करने का प्रयास करता है, तो विभाग ऐसे बोलीदाता को वर्तमान/भविष्य की बोलियों में भाग लेने से 03 वर्ष की अवधि तक प्रतिबंधित करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

12. कार्यालय कलेक्टर (जनगणना) जिला सीहोर के पास निविदा खुलने की नियत तिथि से 03 दिन पहले तक भी बोली में कोई भी शुद्धिपत्र जारी करने का अधिकार सुरक्षित है। बोलीदाताओं को यह भी सलाह दी जाती है कि वे अपनी ई-बोली जमा करने या अपनी ई-बोली में संशोधन करने के उद्देश्य से वेबसाइट की जांच समय – समय पर करते रहे , चाहे निविदा में ऐसा कोई शुद्धिपत्र जारी किया गया हो या नहीं।

13. निविदाकार द्वारा प्रदाय किये जाने वाले उपकरणों पर OEM द्वारा प्रदाय सर्विस वारंटी अनिवार्यतः सुनिश्चित की जाएगी | खरीदार यह सुनिश्चित कर सकता है कि आपूर्ति प्राप्त होते ही वारंटी प्रमाणपत्र के लिए अनुरोध किया जाए, साथ ही प्रमाणपत्र को सत्यापित करने के लिए OEM वेबसाइट/कॉल सेंटर में लॉग इन किया जाए। विक्रेता को OEM से एक वैध वारंटी प्रमाणपत्र/टैग खरीदार को प्रस्तुत करना होगा, जो निर्दिष्ट वारंटी शर्तों के तहत उत्पाद के कवरेज की गारंटी देता है। वारंटी प्रमाणपत्र OEM वेबसाइट/ग्राहक सेवा केंद्र के माध्यम से सत्यापित किया जाना चाहिए।

14. वांछित सामग्री अंतर्गत बाजार में वर्तमान प्रचलित टॉप 05 ब्रांड अंतर्गत उपकरण उपयुक्त मानक के न पाए जाने पर देयको का भुगतान नही किया जावेगा |

15. स्थापना का दायरा : यह सुनिश्चित करना निविदाकार विक्रेता की जिम्मेदारी होगी कि सभी उपकरण सुचारू उपलब्ध कराये गये हैं और इस कार्यालय के अधिकृत प्रतिनिधि को उपकरण सामग्री के प्रदायगी से पूर्व संतोषजनक डेमो कार्य दिखाया गया है।

15/05/26 15/05/26

16. निविदाकार विक्रेता वांछित न्यूनतम विनिर्देशो के अतिरिक्त उन्नत मानकों वाले उपकरणों को इस कार्यालय को उपलब्ध करा सकता है |
17. बोलीदाता निविदाकार को उपकरणों के स्थापना के लिए आवश्यक सभी अनिवार्य केबल और कनेक्टर की आपूर्ति सामग्री के साथ करनी होगी।
18. सर्विस एवं सपोर्ट :

    सेवा समर्थन के लिए समर्पित टेलीफोन /टोल फ्री नंबर: बोलीदाता/OEM के पास सेवा समर्थन के लिए समर्पित/टोल फ्री टेलीफोन नंबर होना चाहिए |

    सेवा केन्द्रों की उपलब्धता: बोलीदाता/OEM के पास कैरी-इन वारंटी के मामले में प्रत्येक प्राप्तकर्ता के स्थान के राज्य में एक कार्यात्मक सेवा केन्द्र होना चाहिए। (ऑन-साइट वारंटी वाले माल के मामले में लागू नहीं)। यदि बोली लगाने के समय सेवा केन्द्र पहले से मौजूद नहीं है, तो सफल बोलीदाता/OEM को कार्य आदेश दिए जाने के 30 दिनों के भीतर एक सेवा केन्द्र स्थापित करना होगा। कार्यात्मक सेवा केन्द्र होने के दस्तावेजी साक्ष्य प्रस्तुत करने के बाद ही भुगतान जारी किया जाएगा।
19. वित्तीय मूल्यांकन पद्धति कुल मूल्य वार रखी गई है | यहाँ यह स्पष्ट किया जाता है कि बोलीदाताओ को सभी वांछित सामग्री / उपकरण के लिए एकजाई दर मय सभी कर सहित वित्तीय निविदा में प्रस्तुत करना है | तकनिकी निविदा में वित्तीय दरे प्रस्तुत होने पर निविदा अपात्र की जाएगी| अंतिम सफल निविदाकार का चयन एल 01 दर पर होगा|
20. यदि वित्तीय निविदा में प्राप्त दरे विभागीय कुल उपलब्ध बजट के अनुरूप नही प्राप्त होती है तो क्रय आदेश में उपकरणों की संख्या कम या ज्यादा की जा सकेगी|
21. उपरोक्त दिशा निर्देशों के अतिरिक्त निविदा ऑनलाइन करते समय पोर्टल के आवश्यकतानुसार निविदा समिति द्वारा निर्णय लिए जाकर जारी निविदा के उक्त बिंदु भी निविदा का भाग माने जाएँगे | निविदा विज्ञापन के अतिरिक्त पोर्टल पर उल्लेखित महत्वपूर्ण तिथियों का पालन निविदाकार को करना आवश्यक है |
22. तकनिकी निविदा का मूल्यांकन निविदा समिति द्वारा किया जाएगा एवं केवल पात्र निविदाकारो हेतु ही आगामी कार्यवाही की जाएगी |
23. जिन बोलीदाताओं ने इस निविदा की उपर्युक्त एक या अधिक शर्तों का अनुपालन नहीं किया है, उनकी बोलियां एक पक्षीय खारिज कर दी जाएंगी।

15/05/26 15/05/26



SCAN AnyScanner

24. सफल निविदाकार को कार्यादेश जारी होने के 30 दिन के भीतर वांछित सामग्री एक मुश्त इस कार्यालय को उपलब्ध करना अनिवार्य है |
25. निविदा की प्री बिड मीटिंग पोर्टल पर उल्लेखित दिनांक को कार्यालय कलेक्टर जिला सीहोर के कक्ष क्रमांक 23 , संयुक्त कलेक्टर एवं नोडल अधिकारी जनगणना सीहोर के कक्ष में दोपहर 12 बजे आयोजित की गई है |
26. यह निविदा प्रक्रिया किसी भी स्तर पर कलेक्टर जिला सीहोर द्वारा निरस्त की जा सकती है |
27. ग्राहक यानी इस कार्यालय को बिना कोई कारण बताए किसी भी या सभी निविदाओं को अस्वीकार करने या किसी भी निविदा को पूर्ण या आंशिक रूप से स्वीकार करने का अधिकार है, जो ग्राहक के लिए लाभदायक माना जाता है, चाहे वह न्यूनतम हो या नहीं|
28. किसी भी विधिक विवाद की स्थिति में जिला सीहोर के क्षेत्राधिकार अंतर्गत प्रकरण दायर किया जा सकेगा|

## तकनिकी मूल्यांकन हेतु वांछित दस्तावेजों की सूचि

1. निविदाकार के संस्था का सरकार द्वारा जारी मान्य पंजीयन / गोमास्ता इत्यादि
2. GST पंजीयन
3. PAN कार्ड
4. CA द्वारा UDIN नंबर युक्त प्रमाणित टर्नओवर प्रमाण पत्र
5. निविदानुसार अनुभव प्रमाण एवं विगत वर्षो में प्रदर्शन के दस्तावेज़
6. विशिष्ट निर्माता प्राधिकरण (OEM) के द्वारा जारी प्रमाण पत्र |
7. शपथ पत्र
8. लेटर हेड पर डिक्लेरेशन (वचन पत्र)
9. मध्यप्रदेश में कार्यालय स्थापना का प्रमाण
10. EMD में छूट प्राप्त करने आवश्यक दस्तावेज (यदि लागू है)
11. निविदाकार द्वारा निविदा नियम शर्तो एवं विनिर्देशो के दस्तावेज़ की स्वप्रमाणित प्रति
12. इस निविदा प्रक्रिया में उपरोक्त नियम एवं शर्तो को पूरा करने हेतु अन्य वांछित दस्तावेज़ |



AnyScanner

# कार्यालय कलेक्टर (जनगणना) जिला सीहोर

## आवश्यक उपकरणों हेतु न्यूनतम विनिर्देश एवं नियम व शर्ते

## अपेक्षित सामग्री हेतु विनिर्देश

**1. Item – Desktop, QTY - 21 NOS**

| Specification | Details |
|---|---|
| Computer Type | Mid Level Desktop with LED |
| Processor Number | Intel Core i5 12400 or Equivalent |
| Expansion Slots (PCIe x 16) | 1 |
| Factory Pre-loaded Operating System by Desktop OEM | Window 11 Professional |
| Trusted Platform Module | Discrete TPM 2.0 |
| Type of RAM | DDR4 |
| RAM Size (Memory Card/Module) (in GB) (Capacity to be installed in the System) | 16 GB |
| Type of Storage Installed with the System | NVMe-SSD |
| SSD - Storage Capacity (in GB) | 512 |
| HDD - Storage Capacity (in GB) | 0 as SSD only Installed |
| Availibility of Monitor | Yes as per IS 13252 (Part 1) |
| Cabinet Form Factor | Tower (More than 13 to 26 Liters) |
| Type of Ethernet Ports | 10/100/1000 on Board Integrated Gigabit Port |
| Number of HDMI Ports | 1 |
| Panel Type | Vertical Alignment (VA) |
| Screen Size (in CMs) | 53.1 - 58 (20.91" - 22.83") |
| Maximum Resolution (Pixels) | 1920 x 1080 (Full HD) |
| Monitor Port | HDMI, VGA, |
| Mouse Connectivity | Wire |
| Keyboard Connectivity | Wire |
| On Site OEM Warranty (in Year) | 3 |

# कार्यालय कलेक्टर (जनगणना) जिला सीहोर

## आवश्यक उपकरणों हेतु न्यूनतम विनिर्देश एवं नियम व शर्ते

**2. Item –Single Function - QTY – 21 NOS**

| **Specification** | **Details** |
|---|---|
| Function | Print |
| Connectivity | Hi-Speed USB2.0 |
| *Print Speed* | Up to 34 (A4) / Up to 36 (Letter) ppm |
| Type of Product | Laser Printer |
| *Paper Size* | A4, Letter, B5 (JIS), B5 (ISO), A5, A5 (Long Edge), B6 (JIS), A6, Executive, Legal, Mexico Legal, India Legal, Folio, 16K (195x270 mm), A4 Short (270mm Paper), COM-10, DL, C5, Monarch |
| *Maximum Paper Capacity* | Up to 250 sheets of 80 gsm plain paper |
| Weight | 7.5 kg |
| Print Resolution | Up to 1200 x 1200 dpi |
| Print Speed | Up to 34 (A4) / Up to 36 (Letter) ppm |
| Dimension | 356 mm × 360 mm × 183 mm |
| Operating System | Windows 10, 11 |
| *Display Type* | 1 Line LCD (16 characters) |
| Print Speed Monochrome | 34 ppm |
| Warranty | Standard |



AnyScanner